# मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोल जनजातीय सम्मेलन में होंगे शामिल

## 330 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहडोल जिले के ब्यौहारी में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर डॉ. यादव 80 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 250 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 52 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।**

मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। यह सम्मेलन राज्य सरकार की जनजातीय समुदायों के समावेशी विकास और उत्थान के लिये प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। डॉ. यादव लोक निर्माण विभाग के 6 कार्य (31.45 करोड़), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 33 कार्य (22.64 करोड़), मप्र पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का 1 कार्य (10 करोड़), मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 10 कार्य (6 करोड़), लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 1 कार्य (4.75 करोड़), जनजातीय कार्य विभाग का 1 कार्य (2.75 करोड़), लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के 3 (1.47 करोड़) कार्यों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही लोक निर्माण विभाग के 15 कार्य (121.92 करोड़), मप्र भवन विकास निगम के 5 कार्य (94.49 करोड़), ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 8 कार्य (9.17 करोड़), लोक निर्माण विभाग के 6 अन्य कार्य (7.69 करोड़), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 16 कार्य (7.06 करोड़), लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 1 कार्य (3.29 करोड़) और मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉर्पोरेशन का 1 कार्य (0.47 करोड़) का भूमि-पूजन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. यादव विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करेंगे।

### गाडरवारा में करेंगे निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 जून को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में एक भव्य आयोजन में 80 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन करेंगे। डॉ. यादव 56 करोड़ 58 लाख रुपये के 67 कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख रुपये के 68 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत 396 लाख रुपये की लागत से देवरी से बनवारी पिपरिया तक 8.27 किमी सड़क, साईंखेड़ा में सीवरेज मलजल योजना तथा पुस्तकालय एवं प्रतीक्षालय जैसे शहरी विकास से जुड़े कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिले में सामुदायिक भवन, अमृत सरोवर 2.0, आंगनबाड़ी भवनों और अन्य बुनियादी संरचनात्मक सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित है। डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूहों, शिक्षकों और विकास कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभागीय कर्मचारियों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के घर एक बार फिर गूंजेगी शहनाई

# सादे समारोह में छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु ने डॉ. इशिता संग की सगाई

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के घर एक बार फिर खुशियों का माहौल है। मुख्यमंत्री के छोटे बेटे की सगाई भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में सादगीपूर्ण समारोह के बीच संपन्न हुई। समारोह को पारिवारिक और सीमित दायरे में रखा गया, जिसमें सिर्फ बेहद करीबी लोगों को आमंत्रित किया गया था।**

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनके परिवार में दूसरा बड़ा पारिवारिक आयोजन है। इससे पहले डॉ. यादव के बड़े बेटे वैभव की शादी भी सादे और पारिवारिक माहौल में संपन्न हुई थी। अब उनके छोटे बेटे डॉक्टर अभिमन्यु की सगाई डॉ. इशिता के साथ सादे समारोह में हुई। डॉ. अभिमन्यू एमबीबीएस की डिग्री के बाद पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं।

कार्यक्रम मोहन केबिनेट के सदस्यगण, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, दिल्ली के विधायक सतीश उपाध्याय, मध्य प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए और नवयुगल को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। सरकारी जिम्मेदारियों के बीच मुख्यमंत्री का यह पारिवारिक आयोजन एक भावनात्मक क्षण रहा। इसमें निजी संबंधों की गर्माहट साफ झलकी। परिवार की यह सादगी और परंपराओं के प्रति आस्था राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

### दर्जन भर तलवारों के साथ युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** तलैया पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक बदमाश को दर्जन भर तलवारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी पातरा पुलिया के पास तलवारें बेचने की फिराक में घूम रहा था, लेकिन इससे पहले ही मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार खबर मिलते ही घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब 33 इंच लंबी 12 धारदार तलवारें बरामद हुईं। आरोपी की पहचान समीर अगरिया (21) निवासी बापू नगर झुग्गी नेहरू नगर के रुप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह देवास से तलवारें लेकर आया था, और यहां बेचने की फिराक में था।

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने शेयर किया वीडियो ....

# एमआरपी से ज्यादा कीमत पर बिक रही शराब

**भोपाल। मप्र में तय कीमत से ज्यादा दामों पर शराब बेचे जाने के मामले अलग-अलग जिलों से सामने आते रहे हैं। अब नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एमआरपी से ज्यादा दाम पर शराब बेचने का वीडियो एक्स पर शेयर कर मप्र सरकार और आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा को घेरा है।**

नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा कि मप्र में शराब की कीमतों के घोटाले का जिम्मेदार कौन? जब बाजार में हर चीज एमआरपी पर मिलती है, तो शराब की दुकानों पर शराब मनमानी कीमत पर क्यों बिक रही है। इसलिए कि यह एक बड़ा खेल है और इस खेल में कई अफसर और शराब माफिया की टीमें खेल रही हैं। बिना राजनीतिक शह के न तो आबकारी अफसर हिम्मत कर सकते हैं और न शराब माफिया। समझ लीजिए कि इस गोरखधंधे की डोर किसके हाथ होगी।

नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि आश्चर्य की बात तो यह कि आबकारी आयुक्त ने 1 अप्रैल से मप्र की हर शराब दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा करने का आदेश दिया, कीमत भी तय कर दी, पर इसका पालन नहीं हुआ। इंदौर में तो 2 महीने बाद भी किसी दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं करवाई गई। जबलपुर कलेक्टर ने तो इस मामले में कार्रवाई भी की। मनमाने दाम पर बिकती शराब के हिस्सेदारों ने ही दुकानों को ऐसा न करने की हिम्मत दी होगी। ये जानकारी उपमुख्यमंत्री और आबकारी विभाग संभालने वाले देवड़ा जी की जानकारी में भी आई होगी। उन्होंने कुछ किया नहीं या उन्हें करने नहीं दिया गया। शराब की मूल कीमत और खरीददारों से वसूली गई कीमत का फर्क ही सारे खेल की जड़ है। मैं तो मप्र में शराबबंदी का पुरजोर समर्थक हूं। पर, सरकार इस पर विचार ही नहीं कर रही। फिर भी राजस्व के लिए शराब बेचना सरकार की मजबूरी है, तो सही कीमत पर तो बिके।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com